# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

शुक्रवार, 12 अप्रैल 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 179, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## जिसके ऊपर 508 करोड़ लेने का आरोप, उसे कांग्रेस ने बनाया प्रत्याशी : सीएम

**रायपुर/डोंगरगढ़।** भूपेश बघेल पर महादेव सट्टा एप को निर्बाध रूप से चलवाने के लिए 508 करोड़ रुपए प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप है, एफआईआर भी हुआ है. जिसने पूरे पांच साल के शासनकाल में छत्तीसगढ़िया लोगों को लूटने का काम किया, ऐसे व्यक्ति को कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बनाया है. जिन्होंने पहले गंगाजल की झूठी कसम खाकर गंगा मैया का अपमान किया और अब महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा. ऐसे प्रत्याशी को मजा चखाना है, उसकी जमानत जब्त करानी है. ऐसे हराना है कि आने वाले समय में भूपेश बघेल राजनांदगांव की तरफ नजर उठा के भी न देख सकें. ये बातें आज राजनांदगांव के मुढ़ीपार, डोंगरगढ़ में आयोजित विशाल जनसभा में सीएम विष्णु देव साय ने कही. उन्होंने कांग्रेस की विफलताओं को आमजन के सामने रखा और कांग्रेस को सबक सिखाने की बात कही. साय ने क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांगों पर कहा कि अभी आचार संहिता लगा है, इस नाम से घोषणा नहीं कर रहा हूँ. जैसे ही आचार संहिता हटेगी, चुनाव के बाद आपके इन सभी मांगों को प्रमुखता से सांय-सांय पूरा करेंगे. उन्होंने जनता से मांग की कि विधानसभा चुनाव में हम यहाँ पिछड़ गए थे,



लेकिन इस बार आपका भरपूर सहयोग चाहिए, ये आशीर्वाद मैं आप सभी से मांगने आया हूं.

**संतोष पांडेय के लिए मांगा वोट**

सभा में मुख्यमंत्री ने जनता से कहा कि संतोष पांडेय वर्तमान में यहां के सांसद हैं. अपने पहले कार्यकाल में उन्होंने क्षेत्र की मांगों को संसद में प्रमुखता से उठाया इसलिए उनके अच्छे कार्यों को देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिर से उन्हें प्रत्याशी बनाया है. आप सभी से अपील करता हूँ कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आगामी 26 अप्रैल को भाई संतोष पांडेय को अपने कीमती मत देकर पुन: सांसद बनाएं.जनसभा में मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू एवं अनुज शर्मा, लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडेय, भूपेंद्र सवन्नी, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, नीलू शर्मा, पूर्व विधायक रामजी भारती, रमेश पटेल, घम्मन साहू, विक्रांत सिंह, शशिकांत द्विवेदी सहित वरिष्ठ पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे.

**पालिका उपाध्यक्ष समेत कई लोगों ने किया भाजपा प्रवेश**

आम सभा के दौरान डोंगरगढ़ नगर पालिका के उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा और पार्षद अलका जयेश सहारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी भाजपा में प्रवेश किया. डोंगरगढ़ नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने बताया कि मोदी और भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा से जुड़ने का फ़ैसला किया है.

## 12 लाख करोड़ का घोटाला करने वालों को जाना होगा जेल : अमित शाह

**कटनी।** भाजपा उम्मीदवार और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान 12 लाख करोड़ के घोटाले



करने वालों को जेल जाना होगा। 2004 से 2014 तक 10 साल के यूपीए सरकार के शासनकाल में 12 लाख करोड़ का घपला, घोटाला और भ्रष्टाचार हुआ। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी ने 2014 से पहले देश की जनता से वादा किया था कि सत्ता में आने पर एक-एक भ्रष्टाचारी को चुन-चुनकर जेल की सलाखों के पीछे भेजेंगे। इन भ्रष्टाचारियों को जनता की एक-एक पाई का हिसाब लौटाना पड़ेगा। जिन्होंने चोरी की है, उसे जेल जाना पड़ेगा। अमित शाह ने आगे कहा कि 10 साल में पीएम मोदी ने गरीबों का कल्याण करने का काम किया है। कांग्रेस जो 50 सालों में नहीं कर पाई, उसे मोदी सरकार ने 10 साल में करके देश के सामने एक नजीर पेश की है। विपक्षी गठबंधन पर तंज कसते हुए अमित शाह ने कहा कि पूरा का पूरा इंडी अलायंस भ्रष्टाचारियों का जमघट है। घपले-घोटाले करने वाले भ्रष्टाचारियों की जमात है। अब जब ये सभी जेल में जा रहे हैं तो छाती पीट रहे हैं।

## मारगांव में एक युवक ने 9 दिन के लिए जमीन मे आधे शरीर को गाड़े

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम मारगांव में





नवरात्रि पर्व के दौरान एक युवक ने अपनी घर की जमीन में समाधि ले ली है मारगांव निवासी 22 वर्षीय हरिश्चंद्र बंजारे ने नवरात्रि के पहले दिन से यह समाधि ले ली है जो 17 अप्रैल तक जारी रहेगी इसकी सूचना गांव के सरपंच ने डोंगरगांव एसडीएम और तहसीलदार को जानकारी दी है जिसके बाद डोंगरगांव एसडीएम और तहसीलदार ने स्वास्थय विभाग के अमले को मौके पर पहुंचाकर दवा और अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है हरिश्चंद्र बंजारे ने अपनी आस्था पर चलते ऐसा करने की जानकारी दी है इस आस्था को लेकर ग्रामीणों ने उनकी भक्ति को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लगी है।

## जब-जब कमजोर सरकार आई, दुश्मनों ने फायदा उठाया, आज तिरंगा युद्ध क्षेत्र में सुरक्षा की गारंटी : पीएम मोदी

**ऋषिकेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ऋषिकेश में चुनावी बिगुल फूंकते हुए कहा कि जब-जब देश में कमजोर और अस्थिर सरकार रही है, तब-तब दुश्मनों ने फायदा उठाया है और आतंकवाद ने पैर पसारे। आज देश में मोदी की मजबूत सरकार है, इसलिए आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है। भारत का तिरंगा युद्ध क्षेत्र में भी सुरक्षा की गारंटी बन जाता है।

पीएम मोदी ने कहा, सात दशक बाद जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 निरस्त किया गया। ये भाजपा की मजबूत सरकार ही है, जिसने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाया। ये भाजपा की मजबूत सरकार ही है, जिसने महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण दिया। आज देश में ऐसी सरकार है जिसने बीते 10 साल में भारत को पहले के मुकाबले कई गुना ज्यादा मजबूत बना दिया है।


सभा को संबोधित करने से पहले पीएम मोदी ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी और देवभूमि को नमन करते हुए सभी देवी देवताओं को प्रणाम किया। पीएम मोदी ने कहा कि मां गंगा के सानिध्य में बसे 4 धामों के द्वार ऋषिकेश में इतनी बड़ी विशाल संख्या और उत्साह उमंग के साथ आप आशीर्वाद देने आए हैं, मैं आप सब का आभारी हूँ। पीएम मोदी ने कहा, अब सामान्य वर्ग के गरीबों को भी 10 फीसदी आरक्षण दिया गया है। कांग्रेस की सरकार होती तो वन रैंक वन पेंशन लागू नहीं होती।



लेकिन यह मोदी ने कर दिखाया है। यह मोदी है जिसने वन रैंक वन पेंशन को लागू कर एक लाख करोड़ से ज्यादा उनके खाते में पहुंचा दिया। पीएम ने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी, तब लोगों के हक का पैसा बिचौलिए खा जाते थे। अब लोगों के हक का पैसा सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित किया जा रहा है। ये लूट मोदी ने बंद की है, इसलिए मोदी पर उनका गुस्सा सातवें आसमान पर है। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस के नेताओं के लिए तो पहले दिल्ली का शाही परिवार और फिर अपना परिवार ही सब कुछ है। लेकिन मोदी के लिए तो भारत ही मेरा परिवार है। उन्होंने कहा, कांग्रेस विकास और विरासत दोनों की विरोधी है। कांग्रेस ने प्रभु राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए, राम मंदिर का विरोध किया, जितने अड़ंगे डालने थे डाले। इसके बाद भी राम मंदिर निर्माण वालों ने कांग्रेस के सभी गुनाहों को माफ कर दिया और उन्हें प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया। लेकिन कांग्रेस ने उसका भी बहिष्कार कर दिया। अब तो कांग्रेस ने प्रण लिया है, हिंदू धर्म में जो शक्ति है, उसका विनाश करेंगे। उत्तराखंड की आस्था को तबाह करने की जो साजिशें चल रही हैं, उसमें कांग्रेस की ये बातें आग में घी का काम करेंगी। उत्तराखंड की संस्कृति की रक्षा करना, हम सभी का दायित्व है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा, कांग्रेस की कमजोर सरकार सीमाओं पर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर नही बना पाई। आज पूरी सीमा पर आधुनिक सड़के और सुरंगें बन रही हैं। एक बार केदारनाथ धाम के दर्शन करने के बाद मेरे मुंह से अचानक ही निकला था कि यह दशक उत्तराखंड का दशक है। सरकार उत्तराखंड के पर्यटन को बढ़ावा देकर रोजगार के नए अवसर प्रदान कर रही है। इससे पहले उत्तराखंड के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मंच पर पौड़ी से बीजेपी उम्मीदवार अनिल बलूनी ने प्रधानमंत्री मोदी को भगवान की तस्वीर भेंट की। इसके बाद हरिद्वार सीट से बीजेपी उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भी प्रधानमंत्री मोदी को मां गंगा की मूर्ति भेंट की। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से उत्तराखण्ड का वाद्ययंत्र हुड़गा बजाया। जिसके बाद जनता ने मोदी मोदी के जमकर नारे लगाए।

## कबीर धर्मनगरी दामेखेड़ा से परमपूजयनीय माता साहिबा मनीषा देवी का आगमन आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हमारा परम् सौभाग्य है कि कबीर धर्मनगरी दामेखेड़ा से परमपूजयनीय माता साहिबा मनीषा देवी का



आगमन आज प्रात: ९ बजे में कबीर चौक, संस्कारधानी राजनांदगांव में होगा। जिसमें समस्त कबीर पंथ समाज द्वारा स्वागत सम्मान तथा दीप प्र%वलित कर मंगल आरती के पश्चात् समस्त कबीर पंथी द्वारा बाईक रैली माता जी के सानिध्य में नगर भ्रमण करते हुए नंदई चौक पहुंचेंगे। सामूहिक भेंट बंदगी (चरण पूजा) नंदई एवं नगरवासियों के द्वारा किया जायेगा ततपश्चात् रैली सिंगदई वार्ड पहुंचेंगे और समस्त कबीर पंथियों के घर क्रमबद्ध रूप से भेंट बंदगी (चरण पूजा) का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। अत: उक्त पावन अवसर पर समस्त कबीर अनुयायी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें। उपरोक्त जानकारी प्रेस के माध्यम श्री हरिश साहू एवं श्री राजेश साहू द्वारा दिया गया।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पहाड़ी मंदिर पहुंच लिया माता का आशीर्वाद

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नवरात्र के तीसरे दिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुढ़ीपार में जनसभा को सम्बोधित करने के बाद माता के दरबार पहुंच विधि विधान से पूजा अर्चना का कर प्रदेश की खुशहाली की कामना करते माँ बम्लेश्वरी देवी का आशीर्वाद प्राप्त किया । पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णु देव साय माता के दरबार पहुचे थे। मंदिर दर्शन के दौरान उन्होंने मंदिर ट्रस्ट के साथ साथ कार्यकर्ताओं के बातचीत भी की। इस दौरान सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे, विधायक अनुज शर्मा, महामंत्री भरत वर्मा,पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, हरविंदर एस मंगे, संतु राव, प्रिंस कक्कड़, सुमित मिश्रा, साथ ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल,



उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी,महेंद्र परिहार, योगेश अग्रवाल, केशव नरेडी,संजीव गोमास्ता, के साथ ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**नपा उपाध्यक्ष सहित महिला निर्दलीय पार्षद ने किया भाजपा प्रवेश।**

मुख्यमंत्री साय के आगमन पर नगर के कालका पारा व बधियाटोला के 02 पार्षदों ने भाजपा प्रवेश किया। आपको बता दे कि वार्ड क्रमांक 11 के निर्दलीय पार्षद उमा महेश वर्मा व वार्ड क्रमांक 08 की निर्दलीय महिला पार्षद अलका जयेश सहारे ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार की महत्वकांक्षी योजनाएं व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री साय के तीन माह के कार्यकाल से प्रभावित होने के साथ प्रदेश में महतारी वंदन योजना में महिलाओ के खाते में पैसा आने सहित भाजपा की रीति नीतियों से प्रभावित व पिछड़ा वर्ग आयोग के मंत्री रामजी भारती के मार्गदर्शन व योगदान से देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में जुड़ने का अवसर प्रदान हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने दोनों निर्दलीय पार्षदों को भाजपा में शामिल होने का स्वागत करते हुए कहा कि आप लोगों की प्रदेश में चर्चा है व आप लोग पार्टी के लिए कार्य कर लोकसभा चुनाव में सांसद लाये।

## 13 अप्रैल को मस्तूरी आएंगे कन्हैया कुमार, बस्तर में रहेंगे राहुल, 20 अप्रैल को राजनांदगांव में प्रियंका, जांजगीर-रायगढ़ में हो सकती हैं मल्लिकार्जुन की सभाएं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के स्टार प्रचारकों का दौरा शुरू हो चुका है। 13 अप्रैल को जहां कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बस्तर से चुनाव प्रचार



का शंखनाद करेंगे, तो वहीं दूसरी ओर कन्हैया कुमार भी इसी दिन मस्तूरी में सभा करने वाले हैं। बिलासपुर लोकसभा सीट में आने वाले मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के भदौरा खेल मैदान में सुबह 11 बजे कन्हैया कुमार की सभा होगी, जिसके लिए पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पहले चरण का चुनाव छत्तीसगढ़ में 19 अप्रैल को होना है। पहले चरण में सिर्फ एक बस्तर सीट पर चुनाव होना है। 17 अप्रैल को पहले चरण के चुनाव प्रचार का आखिरी दिन होगा। दूसरे चरण के चुनाव के लिए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे की संभावना है। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पक्ष में प्रियंका गांधी की सभाएं तय हो रही हैं। संगठन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, 20 अप्रैल को प्रियंका गांधी का छत्तीसगढ़ दौरा हो सकता है। राजनांदगांव में उनकी सभा कराने की तैयारी है। हालांकि अभी प्रियंका गांधी के दौरे को लेकर आधिकारिक सूचना प्रदेश कांग्रेस संगठन को नहीं मिल पाई है। दूसरे चरण का चुनाव 26 अप्रैल को होना है। इस दिन राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा सीट पर वोटिंग होगी।

## कोविड काल के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बड़ी - उत्तम गिड़िया, राजा माखीजा

## मेक इन इंडिया से भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा - खूबचंद पारख

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के मंडल स्तर पर सम्मेलनों की श्रृंखला शुरू हो चुकी है। जिसके तहत आज समुदाय भवन मोहला में व्यापार प्रकोष्ठ का बृहद सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में लोकसभा चुनाव के सह समन्वयक खूबचंद पारख, लाभचंद बाफना, उत्तम गिड़िया एवं राजा मखीजा सहित बड़ी संख्या में मोहला मानपुर के व्यापारी बंधु उपस्थित थे।भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार खूबचंद पारख में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी योजना लागू की वह पूरे देश में अंतिम व्यक्ति तक सफलता के साथ पहुंची है, और जिसका असर भी जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया के नारे के साथ मोदी जी का आह्वान पूरे देश में भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने छोटे-छोटे परिवर्तनों से आम आदमी का जीवन बेहतर किया है, मेक इन इंडिया के तहत लघु उद्योग एवं स्वदेशी



उत्पादकों का गर्व से सीना चौड़ा हुआ है, आज कोई भी उत्पादक गर्व के साथ व्यापार करता है और भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में इन छोटे-छोटे लघु उद्योगों का बहुत बड़ा हाथ है। खूबचंद पारख ने कहा कि मोदी जी ने मुद्रा लोन के तहत ठेला, खोमचा,पान ठेला, होटल, व्यवसाय जैसे छोटे रोजगार करने वालों पर भरोसा करते हुए मुद्रा लोन से उन्हें जोड़ा है। कौशल उन्नयन योजना के तहत हुनरमंद लोग जैसे लोहार, मोची, धोबी,और नाई, जैसी कला को भी सम्मान के साथ जोड़ते हुए उन्हें प्रशिक्षण देकर तीन लाख रूपय तक का लोन दिया जा रहा है। आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराकर उनकी आय को बढ़ाने में मोदी जी की नीति मददगार रही है, भारत की अर्थव्यवस्था की तेजी से बढ़ोतरी इन छोटे-छोटे प्रयासों से हुई है, जिसके कारण आज चीन छोड़कर सभी बड़ी कंपनियां भारत में अपना उत्पादन शुरू कर रही हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज का प्रमुख केंद्र होता है इसलिए सरकार की अच्छी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में व्यापारी एवं भूमिका निभाते हैं, उन्होंने मोदी जी के कंधे को मजबूत करते हुए संतोष पांडे को सर्वाधिक मत प्राप्त हो सके, इस हेतु सभी व्यापारियों को आह्वान किया कि जितने भी ग्राहक एवं परिचित लोग संपर्क में आए, उन्हे इस बार 400 पार के बारे में निवेदन जरूर करे। बैठक में पहुंचे पूर्व विधायक पूर्व लाभचंद बाफना ने कहा कि पूरे विश्व के देशों ने कोविड काल के बाद अपनी अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ा है, परंतु एकमात्र देश भारत है, जिसने पूरे विश्व के देशों की कोविड काल में टिकों के माध्यम से मदद की,और आज भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है, इसके पीछे मोदी की स्पष्ट सोच रही है। व्यापारिक सम्मेलन में प्रभारी उत्तम गिड़ीया एवं राजा माखीजा ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी ने ना खाऊंगा ना खाने दूंगा नारा दिया था। जिसके तहत उन्होंने लोगों के जनधन खाता खोलकर आधार एवं मोबाइल से जोड़ दिया, ताकि



सरकारी योजनाओं का सीधा फायदा आम आदमी को मिल सके, ऐसी पारदर्शी सरकार का कार्य आज जनता ने भी सराहा है, और पूरे देश का आशीर्वाद भाजपा को मिलने जा रहा है । कांग्रेस के शासन काल में केंद्र से चला 100 रुपए जब गरीब आदमी तक 15 पैसा पहुंचता है,परंतु पूरा 100 रूपए का ?100 देने का कार्य देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है, इसलिए ऐसे पारदर्शी प्रधानमंत्री को तीसरी बार चुनने के लिए 26 अप्रैल को अपना कीमती वोट जरूर देवे। सम्मेलन में प्रमुख रूप से खूबचंद पारख,लाभचंद बाफना,संजीव शाह, मदन साहू,राजा माखीजा, उत्तम गिडिया, सुश्री कंचनमाला भुआर्य, सागर गोलछा, मोहन जैन,उमाकांत बाजपाई,विकास जैन,ओमप्रकाश चांडक, श्रीराम शर्मा,विजय जैन, अनिल गुप्ता,सचिन जैन,श्री पवन गुप्ता,योगेन्द्र सिगने,रतनलाल तारण, पंकज गुप्ता,डॉक्टर शर्मा, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

nandgaon times april-12-02.qxd 4/11/2024 11:58 PM Page 2



# नगर के 16 वार्डों में पेयजल व्यवस्था ठप, 16 वार्डों में पानी के लिए मचा हाहाकार

## शहर में मचा पानी का हाहाकार 60 एक एचपी के सार्वजानिक बोर व पालिका के चार टैंकरों से बुझी आधी आबादी की प्यास

### 60 घंटा बीत जाने के बाद भी पानी सप्लाई बंद

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** एक तरफ बे मौसम बरसात हो रही है तो दूसरी तरफ नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर धर्मनगरी के 16 वार्डों में जल संकट गहरा गया है। बताया गया कि पनियाजोब जलाशय का केनाल फूट जाने से पाइप लाइन में पानी की निकासी नहीं होने के कारण जल आपूर्ति ठप्प हो गई है। बताया गया कि सोमवार दोपहर से केनाल फूटा पड़ा है और 60 घंटा बीत जाने के बाद भी सुधार कार्य नहीं किया जा सका है। शहर में पानी को लेकर हाहाकार मच गया है. बताया जाता है कि तालाब निस्तारी को लेकर खोले गए गेट के कारण पिछले 48 घंटे से शहर के आधी आबादी की पानी सप्लाई रुक गई है। पनियाजोब का रॉ वाटर इंटकवेल पुरा सुख गया है जिससे चौथना स्थित चार एमएलडी फ़िल्टर प्लांट तक पानी नहीं आने के कारण जुड़े 16 वार्ड पानी को लेकल परेशान हो गए है। शहर की आधी आबादी को अपनी आवश्यकता हेतु पानी के लिए सार्वजनिक हैंड पम्प के साथ बोर व निस्तारी तालाबों की ओर रुख करना पड़ा। साथ ही पालिका को वार्ड में जहां-जहां पानी की डिमांड आई पालिका ने वहां टैंकरों की मदद से उन्हें कुछ राहत देने की कोशिश की है।

पालिका की माने तो इससे जुड़े 16 वार्डो में प्रतिदिन 15 लाख लीटर शहर की डिमांड को पुरा करना असंभव है। पालिका के जल विभाग संभालने वाले कर्मचारी लगातार फोन की घंटी से त्रस्त हो गए हैं । फिर भी मोर्चा संभालते हुए लोगों की खरीखोटी सुन रहे हैं। पालिका के कर्मचारियों की माने तो जब तक पनियाजोब जलाशय से सप्लाई शुरू नहीं होती। तब तक ऐसा ही मंजर देखने को मिलेगा ।



ऐसी विकट परिस्थितियों से निपटने के लिए ही पालिका के द्वारा कुल 24 वार्डों में 91 एक एचपी के सार्वजनीक मोटर लगा कर पानी टंकी को जोड़ा गया है। जिससे की ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए कुछ मदद हो सके। आज इन्हीं पानी टंकियां से शहर की आधी आबादी ने पानी लिया।

**परिस्थिति अनुकूल करने विभागों ने संभाला मोर्चा :-** शहर की पानी की सप्लाई चेन रुकने के बाद पालिका के अधिकारी व कर्मचारी जल संसाधन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर। आज दिनभर पनियाजोब जलाशय में डटे रहे। पालिका के इंजीनियर रितेश स्थापक ने चर्चा में बताया कि वर्तमान स्थिति में जो भी प्लान कर रहे हैं सब फेल हो जा रहा है। जलाशय का गेट काफी ज्यादा खस्ताहाल हो गया है। गेट को पूरी तरह से ब्लॉक करने के उपाय सुझाए जा रहे हैं। उसके बाद ही राहत कार्य हो पाएगा। शहर की पानी व्यवस्था के सवाल पर उन्होंने कहा की सहवासियों को एक से दो दिन पानी के लिए और मशक्कत करनी पड़ सकती है। वही पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा ने चर्चा में बताया कि घटनास्थल पर पालिका की एक टीम जिसमें पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम,पालिका के इंजीनियर रितेश स्थापक, जल विभाग के अकील खान जल संसाधन विभाग के साथ समन्वय बैठाते हुए कार्य करवा रहे है। जल संसाधन विभाग के पास मजदूर कम होने के कारण पालिका के मजदूर भी इस कार्य में लगे हुए हैं।

**तीन माह में 20 फिट घट गया पनियाजोब जलाशय का जलस्तर :-**

स्थानीय ग्रामीणों की माने तो तीन माह के भीतर 32 फीट से अधिक जलाशय का जमा पानी विभाग के लापरवाही के कारण ही 10 फीट में आ गया है। ग्रामीणों की माने तो लगभग 20 फीट पानी केनाल से बेफिजूल ही बह गया। अगर सही समय में इसकी मरम्मत हो जाती। तो आज ऐसी स्थिति नहीं निर्मित होती।

# भीषण गर्मी में पशु पक्षियों के लिए दाना पानी का इंतजाम सकोरा व मटकी पेड़ों के डंगाल में बांधा

## अनेकों विभाग के प्रागंण में पशु पक्षियों के भुख प्यास बुझाने के लिए सकोरा मटकी बांध कर अभियान का शुभारंभ किया



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अभी भीषण गर्मी का प्रकोप बढ़ते जा रहे हैं तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है इंसान अपने बुझाने के लिए ठंडा पानी, कोल्डड्रिंक दही मट्ठा जैसे पे पदार्थ पी कर बुझा रहे हैं लेकिन छोटे छोटे जीव जंतु को भी इस भीषण गर्मी में अपने पीने के पानी के लिए जद्दोजहत कर रहे हैं क्योंकि नदी नाले के पानी सुख गया है भू स्तर का पानी भी अपने निचले स्तर पर जा चुका है ऐसे में पशु पक्षियों को अपने प्यास के वजह से जान गंवानी पड़ जाती है इसी बातों को ध्यान में रखते हुए पशु पक्षियों के लिए अपने छत आंगन व शासकीय कार्यालयों में पेड पौधे के डंगाल पर सकोरा और मटकी बांध कर गर्मी के दिनों में पशु पक्षियों के प्यास बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। भोज साहू ने पर्यावरण संरक्षण के दिशा के साथ-साथ 100 प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान, नेत्रदान,रक्तदान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान जैसे अनेकों कार्यक्रम अपनें स्वयं के खर्चे से करते आ रहे हैं इन्हें सब कार्यों के वजह अनेकों मंच पर सम्मानित भी हो चुकें इस पहल में विगत तीन वर्षों से घनश्याम साव संवाददाता डोंगरगांव के द्वारा अपना पूर्ण सहयोग कर रहे हैं। यहां अभियान के तहत एसडीएम कार्यालय तहसील कार्यालय थाना परिसर अस्पताल परिसर व विश्राम गृह में पेड़ के डंगाल पर सकोरा मटकी बांधा गया है आगे भी अन्य विभागों में भी इसी तरह अभियान चलायें जायेंगे।

मनोज मरकाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव ने अपने कार्यालय के प्रांगण में बांध कर शुभारंभ किया पशु-पक्षियों के प्यास बुझाने के इस अभियान की शुरुआत मनोज कुमार मरकाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने अपने प्रांगण के बेल व बरगद पेड़ पर सकोरा मटकी बांध कर किया। मनोज मरकाम ने इस पहल से जुड़कर मुझे बहुत ही अच्छा लगा कि इस तरह का मुहिम भोज साहू के द्वारा अनेकों वर्षों से चलाने की जानकारी मिली है मैं आम जनों से भी अपील करता हूं कि इस मुहिम में जुड़कर इस भीषण गर्मी में जीव जंतु के लिए अपने आंगन व छत पर दाना पानी रखें और जीव जन्तु का प्यास बुझाये।

**पी एल नाग तहसीलदार ने भी अपने प्रांगण में भी बांधा सकोरा मटकी**

तहसील कार्यालय प्रांगण में भी पी एल नाग ने सकोरा मटकी बांध कर इस अभियान से जुड़ गए वहीं इस अभियान का प्रशंसा करते हुए कहा कि लगातार जल संकट में हम सभी इंसान के साथ साथ पशु पक्षी जुझ रहे हैं ऐसे में इस तरह जीव दया पर कार्य का पहल करना मानवता का परिचय दे रहे हैं। उपेंद्र कुमार साहा निरीक्षक डोंगरगांव थाना प्रभारी ने बताया कि भुखे प्यासें पशु पक्षियों को दाना पानी डालने के लिए हमें बचपनझसे सिखाया जाता है लेकिन इसे बहुत ही कम लोग पालन करते हैं आज हमारे थाना परिसर में पत्रकार घनश्याम साव और भोज साहू के द्वारा मटकी व सकोरा बांधकर दाना पानी की व्यवस्था किया गया है जिसे में प्रशंसा करता हूं हम सभी को इस तरह पहल अवश्य करना चाहिए ताकि भुखे प्यासे बेजुबान पशु पक्षियों को दाना पानी मिल सकें।

# भारत स्काउट एंड गाइड्स का प्याऊ घर सेवा का हुआ शुभारंभ




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के परम श्रधेय डॉ सोमनाथ यादव,राज्य मुख्य आयुक्त कैलाश कुमार सोनी, राज्य सचिव अभय जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जिला राजनांदगांव के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में ग्रीष्म कालीन पियाऊ घर सेवा दिनांक 09 अप्रेल 2024 से 09 मई 2024 तक जिला मुख्यालय राजनांदगांव एवं विकासखण्ड डोंगरगढ़ में आरंभ की गई । जिसमे रौनक कैटर्स एण्ड टेन्ट हाउस जिला सतनामी सेवा समिति त्रिशंख मण्डल कायस्थ सभा कायस्थ समाज राजनांदगांव तथा गट्टानी परिवार डोंगरगढ़ के सहयोग से आरम्भ की गई।प्रथम दिवस जिला मुख्यालय में जिला एवं विकास खण्ड राजनांदगांव की शालाओ शा उ मा वि सुरगी शा उ मा वि भानपुरी महंत राजा बलराम दास,शा उ मा वि स्टेट स्कूल बलदेव प्रसाद मिश्र, शा उ मा वि बसंतपुर, आम्बेडकर ओपन रोवर क्रू डोंगरगढ़ के स्काउट रोवर ने सेवा कार्य किया।इस कार्य मे श्रीमती उषा चटर्जी नोडल स्काउट गाइड जिला मुख्यालय आयुक्त गाइड, देवेंद्र अम्बादे जिला सचिव, मयूख श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त स्काउट, रमेश दास साहू विकास खण्ड सचिव राजनांदगांव, राजाराम देवांगन, हेमन्त देशमुख,श्रीमती सुशीला नेताम, नीरेन्द्र नीलम साहू श्रीमती भारती रजक, राकेश भावते की सक्रिय सहभागिता रही।

**शुभांक**

**1-2-7**

**170-8 229-3**

**भाग्यांक**

**136-0 345-2**

### युवक से मारपीट

**रायपुर।** ठेठवारा रायपुरा में पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी वेदप्रकाश यादव 21 वर्ष ठेठवारपारा रायपुरा का रहने वाला है।

### निधन



**डॉ. के.के. मसीह**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के गौरीनगर वार्ड नंबर 13 के वरिष्ठ नागरिक, पशु चिकित्सक डॉ. के.के. मसीह का आज शाम 5.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। 84 गौश्रीनगर वार्ड 13 का आज 5.30 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 अप्रैल को निज निवास से 2.30 बजे प्रार्थना सभा उपरांत निकाली जाएगी और मसीही कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वह अपने एक पुत्री श्रीमती संध्या किरण मिंज प्राचार्य पदुमतरा स्कूल, दो पुत्र डॉ. संजय मसीह बाल्को, प्रवीण कुमार मसीह सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई, भाजपा ने देश के महान सपूत को याद



**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जन्म जयंती संगोष्ठी सभा के रूप में मनाई गई सभा को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल प्रभारी रवि सिन्हा ने कहा की महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले एक भारतीय समाज सुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक तथा क्रान्तिकारी कार्यकर्ता थे। इन्हें महात्मा फुले एवं ' 'ज्योतिबा फुले के नाम से भी जाना जाता है। सितम्बर 1873 में इन्होने महाराष्ट्र में सत्य शोधक समाज नामक संस्था का गठन किया। महिलाओं व पिछड़े और अछूतो के उत्थान के लिय इन्होंने अनेक कार्य किए। समाज के सभी वर्गो को शिक्षा प्रदान करने के ये प्रबल समर्थक थे। वे भारतीय समाज में प्रचलित जाति पर आधारित विभाजन और भेदभाव के विरुद्ध थे। इनका मूल उद्देश्य स्त्रियों को शिक्षा का अधिकार प्रदान करना, बाल विवाह का विरोध, विधवा विवाह का समर्थन करना रहा है। फुले समाज की कुप्रथा, अंधश्रद्धा की जाल से समाज को मुक्त करना चाहते थे। अपना सम्पूर्ण जीवन उन्होंने स्त्रियों को शिक्षा प्रदान कराने में, स्त्रियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने में व्यतीत किया.19 वी सदी में स्त्रियों को शिक्षा नहीं दी जाती थी। फुले महिलाओं को स्त्री-पुरुष भेदभाव से बचाना चाहते थे। उन्होंने कन्याओं के लिए भारत देश की पहली पाठशाला पुणे में बनाई थीं। स्त्रियों की तत्कालीन दयनीय स्थिति से फुले बहुत व्याकुल और दुखी होते थे इसीलिए उन्होंने दृढ़ निश्चय किया कि वे समाज में क्रांतिकारी बदलाव लाकर ही रहेंगे। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फुले को स्वयं शिक्षा प्रदान की। सावित्रीबाई फुले भारत की प्रथम महिला अध्यापिका थीं। उक्त गरिमामय कार्यक्रम में विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल



भारतीय जनता किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा भाजपा के उपाध्यक्ष सावन वर्मा महिला मोर्चा की पारुल जैन श्रीमती मधु बैद मंडल अध्यक्ष भाजपा तरुण लहरवानी श्याम सुखदेवे रघुवीर वाधवा सतीश धिवर भीष्म देवांगन नादान सेन सहित सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मां कुष्मांडा ने की थी ब्रह्माण्ड की संरचना - अरविन्द तिवारी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )** - इन दिनों चल रही नवरात्रि के दौरान हर दिन का अलग महत्व होता है और प्रतिदिन देवी के हर स्वरूप की पूजा होती है। नवरात्रि पावन पर्व के चौथे दिन देवी कूष्मांडा की पूजा का विधान है।नवरात्रि के चतुर्थ दिवस के बारे में बताते हुये अरविन्द तिवारी ने कहा कि इस दिन कूष्मांडा देवी के स्वरूप की पूजा आराधना की जाती है। इस दिन साधक का मन च्अनाहतज्ज् चक्र में अवस्थित होता है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था , सभी तरफ अंधेरा व्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपनी मंद हंसी से ब्रह्मांड की रचना की थी , यह सृष्टि की आदिस्वरूपा और आदिशक्ति है। चेहरे पर हल्की मुस्कान लिये माता कुष्मांडा को सभी दुखों को हरने वाली माँ कहा जाता है। कुष्मांडा देवी योग और ध्यान की देवी है। देवी का यह स्वरूप अन्नपूर्णा का भी है। माता कुष्मांडा के दिव्य रूप को मालपुआ का भोग लगाना चाहिये। इनका निवास सूर्यमंडल के भीतर के लोक में हैं , वहां निवास करने की क्षमता और शक्ति केवल इन्हीं में है। इनके शरीर की कांति और प्रभा भी सूर्य के समान ही दैदीप्यमान है , इनके तेज और प्रकाश से दशों दिशायें प्रकाशित हो रही है। ब्रह्माण्ड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में अवस्थित तेज इन्हीं की छाया है। इनकी आठ भुजायें हैं अत: इन्हें अष्टभुजी देवी के नाम से भी जाना जाता है। इनके सातों हाथों में कमंडल , धनुष , बाण , कमल , अमृतपूर्ण कलश ,चक्र , गदा एवं आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है। इनका वाहन सिंह है। मां कुष्माण्डा के शरीर में कांति और प्रभा भी सूर्य के समान ही दैदीप्यमान है। इनके प्रकाश से ही दसों दिशायें उज्जवलित हैं। मां कुष्मांडा की




उपासना मनुष्य को आधियों , व्याधियों से सर्वथा विमुक्त करके उसे सुख , समृद्धि और उन्नति की ओर ले जाने वाली है। संस्कृत भाषा में कुष्मांडा को कुम्हड़ कहते हैं , बलियों में कुम्हड़े की बलि इसे सर्वाधिक प्रिय है इस कारण से भी माँश कुष्मांडा कहलाती है। ज्योतिष में इनका संबंध बुध नामक ग्रह से है। इसकी उपासना से सिद्धियों में निधियों को प्राप्त कर समस्त रोग शोक दूर कर विद्या , बुद्धि , आयु , यश की प्राप्ति की जा सकती है। मान्यता के अनुसार हरे वस्त्र धारण करके माँ कुष्मांडा का पूजन करें। पूजा के दौरान मां को हरी इलाइची , सौंफ या कुम्हड़ा अर्पित करें। मां कूष्मांडा को गुड़हल का फूल या लाल फूल बहुत प्रिय है , इसलिये उनकी पूजा में गुड़हल का फूल अर्पित करें। वैसे तो मां कूष्मांडा को मालपुये का भोग अतिप्रिय है। लेकिन भक्तों के पास जो होता है मां उस भोग को भी सहर्ष स्वीकार कर लेती हैं। इसके बाद उनके मुख्य मंत्र च्? कूष्मांडा देव्यै नम:ज्ज् का 108 बार जाप करें , चाहें तो सिद्ध कुंजिका स्तोत्र का पाठ करें। नवरात्रि में मां को पान के पत्ते में रखकर गुलाब की पंखुड़ियां अर्पित करने से फंसा हुआ या रूका हुआ धन प्राप्त होता है। इनकी उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक नष्ट हो जाते हैं। इनकी आराधना से मनुष्य त्रिविध ताप से मुक्त होता है। जो साधक कुण्डलिनी जागृत करने की इच्छा से देवी अराधना में समर्पित हैं , उन्हें दुर्गा पूजा के चौथे दिन माता कूष?मांडा की सभी प्रकार से विधिवत पूजा अर्चना करनी चाहिये। इनकी पूजा करने से आयु , यश , बल और स्वास्थ्य में वृद्धि होती है। मां कुष्मांडा की विधि विधान से पूजा करने से मनोवांछित फल प्राप्त होते हैं। माँ जगदम्बे की भक्ति पाने के लिये आज चतुर्थ दिवस निम्न मंत्र का जाप करना चाहिये ङ्क या देवी सर्वभू?तेषु माँ कूष्माण्डा रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:। अर्थात — हे माँ! सर्वत्र विराजमान और कूष्माण्डा के रूप में प्रसिद्ध अम्बे, आपको मेरा बार-बार प्रणाम है। या मैं आपको बारंबार प्रणाम करता हूँ। हे माँ, मुझे सब पापों से मुक्ति प्रदान करें।

## ज्ञान मंथन

*1) भारतीय क्षेत्र में स्थित दो ज्वालामुखी द्वीप का नाम क्या है?*

*2) सारण सिंचाई नहर किस नदी से निकलती है?*

*3) वर्तमान में भारत के किस स्थान को सफेद पानी के नाम से जाना जाता है?*

*4) आमतौर पर पेटेंट की अवधि कितनी होती है?*

*5) हाल ही में समाचारों में देखी गई सेना स्पेक्टाबिलिस क्या है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) बैरन एवं नारकोण्डम (2) गंडक (3) सियाचिन (4) 20 वर्ष (5) अत्यधिक आक्रामक वृक्ष

# दान सर्वश्रेष्ठ उपाय, इससे लोक तथा परलोक दोनों पर विजय है सम्भव - पुरी शंकराचार्य

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हिन्दुओं के सार्वभौम धर्मगुरु एवं हिन्दू राष्ट्र प्रणेता पूज्यपाद पुरी शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज ब्रह्मवादी राजर्षि की विशेषताओं की चर्चा करते हुये उद्धृत करते हैं कि स्वायम्भुव मन्वन्तर में इन्द्र आदि देवों ने सम्पूर्ण यज्ञिय साधनों सहित याम, शुक्ल,जय, विश्व सृजादि यज्ञों का प्रचार किया था। उस समय सत्य, जप, तप तथा दान प्रारम्भिक धर्म कहलाते थे। उस समय अधर्म परायण अराजक तत्त्वों के दमन के लिये दीर्घायु सम्पन्न महाबली, महायोगी, यज्ञ परायण तथा ब्रह्मवादी राजर्षि उत्पन्न होते थे। जिनके नेत्र कमल दल के समान विशाल और सुन्दर, मुख भरे - पूरे और शरीर सुसंगठित थे। उनकी छाती सिंह के समान चौड़ी थी। मत्त गजराज के समान उनकी गति थी। वे महान् पराक्रमी थे। वे राजोचित सर्वलक्षणों से समलंकृत थे। उनका शरीर विशाल वट तुल्य उन्नत तथा विस्तृत था। वे वैष्णव उचित तेज से समन्वित धर्म, बल, ऐश्वर्य, विजय, यश तथा सुख - सम्पन्न थे। वे रथ, मणि, खड्ग, धनुष, रत्न, ध्वज तथा निधि ( खजाना, कोश ), भार्या, अश्व, गज, मन्त्री, पुरोहित, गुप्तचर - आदि राजोचित शील तथा रत्नों से सम्पन्न थे। वे साम ( स्तुति, प्रशंसा ), दान, भेद, दण्ड, उपेक्षा, इन्द्रजाल और माया के अधिपति तथा इन सातों के समुचित प्रयोग में दक्ष थे। साम ( स्तुति ), भेद, दान, दण्ड, उपेक्षा, माया तथा इन्द्रजाल



- ये सात प्रयोग बतलाये गये हैं। उन्हें मैं बतला रहा हूँ। सत्कुल में समुत्पन्न, सरल, धर्मशील, संयमी, विनम्र, यशस्वी, मनस्वी, सत्पुरुष उनमें सन्निहित गुणों की यथा अवसर प्रशंसा रूप तथ्यात्मक साम से प्रसन्न होते हैं। अतः ऐसे सत्पुरुषों के प्रति साम का उपयोग अवश्य करना चाहिये। अतः उनके सम्मुख उनके कुल, शील, स्वभाव, उपकार, स्नेह आदि का कृतज्ञता पूर्वक वर्णन कर, उन्हें अपने अनुकूल करना चाहिये। दुर्जन साम नीति के प्रयोक्ता को भयभीत समझते हैं। अतः लोक संग्रह के उद्देश्य से ही उनके प्रति साम का प्रयोग करना चाहिये, ना कि कार्य सिद्धि की भावना से। जो परस्पर शत्रुता रखने वाले, क्रुद्ध, भयभीत और अपमानित हों, उनके प्रति भेद नीति का प्रयोग करना चाहिये ; क्योंकि वे भेद द्वारा साध्य माने गये हैं। जो जिससे विश्वास, सम्बन्ध, उपकार आदि हेतुओं से अभिन्न बने रहते हों ; उन्हें अपने प्रति आस्थान्वित करके उनमें छल, घात तथा कुटिलता के द्वारा क्रमशः सन्देह और भ्रम उत्पन्न करने या कराने के अनन्तर उन्हें अपने वश में कर ले। संघ शक्ति के कारण संहत व्यक्तियों पर बिना भेद के इन्द्र तुल्य पराक्रमी होने पर भी विजय पाना असम्भव है। अतः नीति विशारद महानुभाव भेद नीति की ही ऐसे स्थलों पर प्रशंसा करते हैं। अपने अन्तरङ्ग व्यक्तियों के कोप तथा असन्तोष को दान, मान, सद्भाव पूर्ण सम्वाद आदि उपायों से यथा शीघ्र अवश्य दूर करे। अभेद्य संघ शक्ति के अमोघ प्रभाव से तथा सदाचार, संयम एवम् देव उपासना के योग से शक्तिशाली शत्रु पर भी विजय सम्भव है। दान सर्वश्रेष्ठ उपाय है। इससे लोक तथा परलोक - दोनों पर विजय सम्भव है। निर्लोभ तथा सागरोपम गम्भीर महानुभाव भी दानशील के प्रशंसक तथा पोषक हो जाते हैं।

## डोंगरगढ़ मेला ग्राउण्ड के पास चाकू लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** डोंगर थाना पुलिस ने डोंगरगढ़ मंदिर मेला ग्राउंड के पास चाकू लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से चाकू बरामद किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है। बता दें कि चैत्र नवरात्रि पर्व वर्ष- 2024 में पुलिस विभाग द्वारा दर्शनार्थियों के सुरक्षा व्यवस्था/शांति व्यवस्था/कानुन व्यवस्था/यातायात, पार्किंग व मेला व्यवस्था हेतु अधिक से अधिक पुलिस बल तैनात कर चोर, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर पुलिस कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी तारतम्य में 11 अप्रेल को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा नीचे मंदिर मेला ग्राउण्ड डोंगरगढ़ के पास चाकू लेकर घुम रहे दीपेश दीप उर्फ आयुष पिता सुशील दीप उम्र- 18 साल निवासी गंजपारा उत्कल कॉलोनी वार्ड नंबर 37 दुर्ग को घेराबंदी कर चाकू के साथ रंगेहाथ पकड़कर आरोपी के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# युवाओं ने विशाल आकर्षक रंगोली एवं दीप जलाकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में युवाओं ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में विशाल आकर्षक रंगोली एवं दीप जलाकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने आरोहण बीपीओ सेंटर टेड़ेसरा के युवाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान युवाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं। सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने युवाओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। युवा वर्ग को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए यह स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवाओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के साथ ही नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करने को कहा गया। युवाओं ने एक स्वर में इस लोकतंत्र के महापर्व पर अपना योगदान शत-प्रतिशत मतदान करने की सहमति दी। युवाओं ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन में 26 अप्रैल 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, निर्भीक और अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना जिले में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। स्वीप कार्यक्रम में युवाओं ने मतदाता जागरूकता के नारे लोकतंत्र के लिए मतदान राजनांदगांव का अभिमान, मोर वोट-मोर अधिकार, लोकतंत्र का करें सम्मान 26 अप्रैल को करें मतदान, जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान जैसे नारों से अपने मताधिकार का उपयोग करने का आव्हान किया गया।

## भाजपा बताये छत्तीसगढ़ में कहां चल रही है मेट्रो और बुलेट ट्रेन - कांग्रेस

**रायपुर।** भाजपा के द्वारा मोदी का पोस्टर लगाकर मेट्रो,वंदे भारत और बुलेट ट्रेन बढ़ाने के दावा पर कांग्रेस ने तंज कसा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपाई होर्डिंग में दावा कर रही है कि वह मेट्रो और बुलेट ट्रेन का विस्तार करेंगे, भाजपा बताये छत्तीसगढ़ में कहां चल रही है मेट्रो और बुलेट ट्रेन जिसे वो विस्तार करने का दावा कर रहे हैं भाजपा नेताओं को सरे आम पोस्टर लगाकर झूठ प्रचारित करने में शर्म महसूस नहीं हुआ. भाजपा छत्तीसगढ़ की जनता को क्या नासमझ समझती हैं ढ़ोल नगाड़ा के साथ एक वन्दे भारत ट्रेन शुरू हुई भी थी. जिसकी महंगी टिकट ने गरीब मजदूर किसान छात्र आम आदमी को वंदे भारत से दूर किया.और यात्री नहीं मिलने के चलते फेल हो गई.अंत में मोदी सरकार के रेल मंत्रालय ने वंदे भारत के डिब्बो की संख्या में कटौती करके बाकी यात्री डिब्बो को किसी और प्रदेश के वंदे भारत ट्रेन में जोड़कर मोदी से हरी झंडा दिखावा दिया। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा के सांसदों को शर्म आना चाहिए बीते 3 साल में छत्तीसगढ़ से चलने वाली एवं होकर गुजरने वाली लगभग 62000 ट्रेनें रद्द हुई है. और आज भी दर्जनों ट्रेनों को रद्द किया गया. प्रदेश की जनता को ट्रेन यात्रा से मोदी सरकार ने वंचित किया है जिस पर भाजपा के सांसद मौन थे भाजपा सांसदों ने दम नहीं दिखाया कि प्रदेश की जनता की परेशानियों को मोदी सरकार के आगे रखें. जनता की ट्रेन बंद रही है और अडानी की ट्रेन कोयला लेकर दौड़ते रही है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा के इस प्रकार से लोक लुभावने पोस्टर की समीक्षा जनता करेगी और लोकसभा में भाजपा के झूठ के खिलाफ मतदान करेगी।

## आदमी और कुत्ता

दो कुत्ते आपस में लड़ रहे थे
अगल-बगल बहुत सारे कुत्ते
झुंड बनाकर नज़ारा हम
आदमियों की तरह देख रहे थे।
विदाउट डायलॉग
एक दूसरे से भिड़ रहे थे ।
एक ने बीच बचाव में
मुंह खोला तो
पहले वाला बोला
इसने मुझे एक से एक
बुरी गालियां दी है।
लड़ाई हमारी हमेशा होती है।
कोई नई बात नहीं है
मैंने सब कुछ सह लिया
लेकिन आज तो
इसने हद कर दी
इसने मुझे आदमी कहा है।
मैं ये बर्दाश्त नहीं कर सकता
और बिना इसकी टांगे तोड़े
इसको माफभी नहीं कर सकता।

गिरीश ठक्कर *स्वर्गीय*

# तत्कालीन कलेक्टर के विरुद्ध उच्च न्यायालय में अवमानना की याचिका दायर

## रामकुमार सिन्हा ने किया है याचिका प्रस्तुत, कर्तव्य पथ काँटों भरा हो जनसेवा की प्रण संघर्ष के लिए देता है साहस

**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** कबीरधाम जिला ही नहीं बल्कि समूचे भारत में ऐसे विरले जनप्रतिनिधि होंगे जो जनता के समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासनिक विभागों, सड़क से संसद और अदालतों तक अपनी पंचवर्षीय बाधाओं से आगे बढ़ते हुए संघर्ष करें। कबीरधाम जिला अपनी प्राकृतिक सम्पन्नता और ऐतिहासिक विरासत से समूचे भारत में प्रसिद्ध है तो जनसेवा एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए समर्पित राजनेताओं की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि है। ऐसे ही जनपद सदस्य दन्पत्ति है श्रीमती शिवरानी रामकुमार सिन्हा। जो कि कबीरधाम जिले के अंतिम छोर में बसे विधानसभा पंडरिया के अंतर्गत ग्राम नवागांव के निवासी है। जिनकी जीवन शैली जितनी सादगी पूर्ण है ठीक उतने ही कठिन संघर्ष उनकी पहचान है।

तत्कालीन जिला कलेक्टर रमेश कुमार के खिलाफ छत्तीसगढ़ के माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में न्यायालय के आदेश की अवहेलना के लिए अवमानना का याचिका प्रस्तुत हुआ है। जिसे माननीय उच्च न्यायालय ने स्वीकार करते हुए उभय पक्षों को तलब किया है। प्रकरण यह है कि वर्तमान जनपद सदस्य दम्पत्ति रामकुमार सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शिवरानी रामकुमार सिन्हा क्रमश जनपद सदस्य निर्वाचित होते रहे हैं। क्षेत्र में दोनों दम्पत्ति कि ऐसे लोकप्रियता है कि हर बार जनपद सदस्य का चुनाव जीत जाते हैं। किसी कार्यकाल श्रीमती शिवरानी सिन्हा तो अगली कार्यकाल रामकुमार सिन्हा जनपद सदस्य निर्वाचित होते रहते हैं। वर्ष 2007 के आसपास श्रीमती शिवरानी रामकुमार सिन्हा जनपद सदस्य थी। इसी समय उन्होंने अपने क्षेत्र के जन समस्यों कि निराकरण एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष शुरू कर दिया था। तत्कालिक सरपंच ग्राम पंचायत तमरुवा के द्वारा गोठान समतलीकरण नहीं कराये जाने एवं शासकीय राशि कि दुरूपयोग के लिए ग्रामवासियों द्वारा शिकायत किया गया। जिसकी जाँच एवं कार्यवाही के लिए जनपद सदस्य ने मुखर आवाज उठाया एवं जनपद की सामान्य सभा और अनेकों शासन के विभाग स्तर पर संघर्ष किया लेकिन कोई न्याय नहीं मिला बल्कि उस समय के सत्ता सरकार के द्वारा उल्टा जनपद सदस्य को पद से पृथक करने कि कार्यवाही कर दिया गया। उन्होंने संघर्ष नहीं छोड़ा पंचायत संचनालय में केश दायर किया और अंत में जीत सत्य कि हुई श्रीमती शिवरानी रामकुमार सिन्हा जनपद सदस्य के पद पर पुनः काबिज हो गई। अगले चुनाव में उनके पति रामकुमार सिन्हा जनपद सदस्य बने और सभापति बन गये उनके द्वारा जनता के समस्यों के संघर्ष को आगे बढ़ा इस तरह कार्यवाही बढ़ती रही। उक्त ग्राम पंचायत तमरुवा के प्रकरण में कठिन संघर्ष के दौर में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कवर्धा के प्रकरण क्रमांक 502 ब 121 वर्ष 2009-10 में पारित आदेश अनुसार गोठान



समतलीकरण तमरुवा में पूर्व सरपंच से 2लाख कि वसूली स्पस्ट है। कुछ कार्यों का स्पष्ट मूल्यांकन नहीं हुआ है। इस प्रकार उक्त प्रकरण में मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कवर्धा पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत तमरुवा के सभी कार्यों का मूल्यांकन करावें जो राशि पूर्व सरपंच को बनती है। उसे तत्काल प्रदाय करें व गोठान समतलीकरण तमरुवा 2 लाख कि राशि वसूली हेतु पृथक से धारा 92 में कार्यवाही करें ।लेकिन अनुविभागीय न्यायालय के आदेश का पालन जनपद पंचायत द्वारा नहीं किया गया। जिसकी निरंतर शिकायत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कवर्धा, जिला कलेक्टर कबीरधाम से रामकुमार सिन्हा द्वारा किया गया । जिला प्रशासन कि घोर उपेक्षा एवं कार्यवाही नहीं होने पर माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में रिट याचिका क्रमांक 1808/2018 में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कवर्धा के प्रकरण क्रमांक 502 व 121 वर्ष 2009-10 में पारित आदेश का पालन नहीं करने पर कार्यवाही किया जाना का आदेश प्राप्त हुआ।फिर भी माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के रिट याचिका में पारित आदेश का परिपालन जिला प्रशासन द्वारा नहीं किया गया। जिसकी घोर उपेक्षा से दुखी होकर माननीय न्यायालय में पुनः शरण लिया गया। जिसमें माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ द्वारा इसे माननीय न्यायालय की अवमानना मानते हुए प्रकरण दर्ज कर उभय पक्षों को तलब किया गया है। माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में ष्ठठ्ठह्ल ह्रश. 620 शद्ध 2020 07/12/2023 के तहत रामकुमार सिन्हा विरुद्ध रमेश कुमार शर्मा कलेक्टर को पार्टी बनाया गया है । जनपद सदस्य दम्पत्ति रामकुमार सिन्हा एवं श्रीमती शिवरानी रामकुमार सिन्हा लगातार कबीरधाम जिले के आम नागरिकों के कल्याण एवं जन समस्याओं के निराकरण के लिए कार्य कर रहे हैं। अभी वर्तमान में श्रीमती शिवरानी रामकुमार सिन्हा जनपद सदस्य हैं। दोनों दम्पत्ति अभी तक 2-2 बार जनपद सदस्य निरंतर रह चुके हैं । रामकुमार सिन्हा क़ानूनी संघर्ष एवं जमीनी संघर्ष के कद्दावर नेता माने जाते हैं। सत्ता किसी भी दल की हो उनकी जमीनी संघर्ष सदैव जारी रहती है। लगातार उक्त प्रकरण में कई वर्षों तक संघर्ष या दिखाता है कि अपने क्षेत्र के विकास, जनता के हितों कि रक्षा के लिए पंचवर्षीय कार्यकाल कोई बाधा नहीं होती यदि क्षेत्र कि जनता की सेवा करने का जज्बा दिल में है तो कठिन से भी कठिन लड़ाई एवं संघर्ष को किया जा सकता है। रामकुमार सिन्हा कहते हैं कि कबीरधाम जिले जनता के हर दु:ख और तकलीफों के लिए वह सड़क से संसद तक और निचली अदालत से देश के सर्वोच्च अदालत तक संघर्ष करते रहेंगे। जनता के न्याय एवं अधिकारों को दिलाने के लिए समर्पित भाव से सेवा करते रहेंगे ।

## धर्म समाचार....

# मां कूष्मांडा की पूजा के समय करें इन मंत्रों का जप और आरती, दूर होंगे दुख और संताप

सनातन शास्त्रों में भी मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्माण्डा का गुणगान किया गया है। ब्रह्माण्ड की रचना मां कूष्माण्डा ने की है। उनका निवास स्थान सूर्य लोक में हैं। जगत जननी मां कूष्मांडा ब्रह्मांड की रक्षा करती हैं। धार्मिक मत है कि भक्तों की महज सेवा और श्रद्धा भाव से मां कूष्मांडा प्रसन्न हो जाती हैं। मां की कृपा से व्रती को मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।

जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा की महिमा निराली हैं। अपने भक्तों का उद्धार करती हैं, तो दुष्टों का संहार करती हैं। उनकी कृपा से भक्तों के जीवन में मंगल ही मंगल होता है। सनातन शास्त्रों में मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा का गुणगान किया गया है। ब्रह्माण्ड की रचना मां कूष्मांडा ने की है। उनका निवास स्थान सूर्य लोक में हैं। जगत जननी मां कूष्मांडा ब्रह्मांड की रक्षा करती हैं। धार्मिक मत है कि मां कूष्मांडा पूजा-भक्ति से शीघ्र प्रसन्न हो जाती हैं। मां की कृपा से व्रती को मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। अगर आप भी मनचाहा वर पाना चाहते हैं, तो चैत्र नवरात्र के चौथे दिन विधि-विधान से मां कूष्मांडा की पूजा करें। साथ ही पूजा के समय इन मंत्रों का जप करें और अंत में ये आरती करें।

**मंत्र**

? देवी कूष्माण्डायै नमः॥
सुरासम्पूर्ण कलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे॥

**स्तुति**

1. या देवी सर्वभू ?तेषु माँ कूष्माण्डा रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥
2. या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
3. या देवी सर्वभूतेषु लक्ष्मीरूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
4. या देवी सर्वभूतेषु तुष्टिरूपेण




संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
5. या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
6. या देवी सर्वभूतेषु दयारूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
7. या देवी सर्वभूतेषु बुद्धिरूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
8. या देवी सर्वभूतेषु शांतिरूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

**ध्यान**

वन्दे वाञ्छित कामार्थे चन्द्रार्धकृतशेखराम्।
सिंहरूढ़ा अष्टभुजा कूष्माण्डा यशस्विनीम्॥
भास्वर भानु निभाम् अनाहत स्थिताम् चतुर्थ दुर्गा त्रिनेत्राम्।
कमण्डलु, चाप, बाण, पद्म, सुधाकलश, चक्र, गदा, जपवटीधराम्॥
पटाम्बर परिधानां कमनीयां मृदुहास्या नानालङ्कार भूषिताम्।
मञ्जीर, हार, केयूर, किङ्किणि, रत्नकुण्डल, मण्डिताम्॥
प्रफुल्ल वदनांचारू चिबुकां कान्त कपोलाम् तुगम् कुचाम्।
कोमलाङ्गी स्मेरमुखी श्रीकंटि निम्ननाभि नितम्बनीम्॥

**स्त्रोत**

दुर्गतिनाशिनी त्वंहि दरिद्रादि विनाशनीम्।
जयंदा धनदा कूष्माण्डे प्रणमाम्यहम्॥
जगतमाता जगतकत्री जगदाधार रूपणीम्।
चराचरेश्वरी कूष्माण्डे प्रणमाम्यहम्॥
त्रैलोक्यसुन्दरी त्वंहि दु:ख शोक निवारिणीम्।
परमानन्दमयी, कूष्माण्डे प्रणमाम्यहम्॥

**कवच**

हंसरै में शिर पातु कूष्माण्डे भवनाशिनीम्।
हसलकरीं नेत्रेच, हसरौश्च ललाटकम्॥
कौमारी पातु सर्वगात्रे, वाराही उत्तरे तथा,
पूर्वे पातु वैष्णवी इन्द्राणी दक्षिणे मम।
दिग्विदिक्षु सर्वत्रेव कूं बीजम् सर्वदावतु॥

**आरती**

कूष्माण्डा जय जग सुखदानी।
मुझ पर दया करो महारानी॥
पिङ्गला ज्वालामुखी निराली।
शाकम्बरी माँ भोली भाली॥
लाखों नाम निराले तेरे।
भक्त कई मतवाले तेरे॥
भीमा पर्वत पर है डेरा।
स्वीकारो प्रणाम ये मेरा॥
सबकी सुनती हो जगदम्बे।
सुख पहुँचती हो माँ अम्बे॥
तेरे दर्शन का मैं प्यासा।
पूर्ण कर दो मेरी आशा॥
माँ के मन में ममता भारी।
क्यों ना सुनेगी अरज हमारी॥
तेरे दर पर किया है डेरा।
दूर करो माँ संकट मेरा॥
मेरे कारज पूरे कर दो।
मेरे तुम भंडारे भर दो॥
तेरा दास तुझे ही ध्याए।
भक्त तेरे दर शीश झुकाए॥

क्रिकेट, हॉकी, जिम सहित सभी सामग्री उपलब्ध...

खेल सामग्री का विशाल संग्रह...

ट्रेक सूट एवं स्पोर्ट्स टी शर्ट की विभिन्न वैरायटियां उपलब्ध...

स्वाती स्पोर्ट्स

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने, राजनांदगांव

बैट, बॉल, स्टम्प, हैड ग्लोब्स, हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, फुटबॉल, वॉलीबॉल, थ्रो-बॉल, नेकर, क्रिकेट पैड, जूता सहित अन्य सामग्री उपलब्ध...

चिल्हर एवं थोक विक्रेता...

मो. 88393-71971, 80856-07480

# आतंकवादियों व नक्सलियों के साथ कांग्रेस भी मोदी जी के जान की दुश्मन बनी - संतोष पांडे





### ये नया भारत है जो घर में घुसकर मारता हैं

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे आज दोपहर तक तथा दोपहर बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभा से निवृत होकर देर रात तक खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों का प्रवास किया। गाँव-गाँव में पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल फूल को मिल रहें अपार जनसमर्थन से गदगद दिख रहे हैं, श्री पांडे ने जनसम्पर्क के दौरान सभी से आत्मीय रूप से मुलाकात की किसी के कंधे पर हाथ रखा तो किसी को गले लगाया, बुजुर्गों से झुककर आशीर्वाद लिया, माताओं से विजय श्री प्राप्त करने का समर्थन माँगा। ढोल नगाड़ों व धुमाल की धुन पर जगह-जगह उनके स्वागत का अनवरत दौर चलता रहा जनसम्पर्क की तमाम व्यवस्तताओं के बावजूद नवरात्रि पर्व को ध्यान में रख कर मंदिरों में जाकर माता भवानी का आशीर्वाद लेना वे नहीं भूल रहे थे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान अनेक स्थानों पर श्री पांडे ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने देश की बागडोर संभाली हैं, तब से देश में आर्थिक विकास की बयार बह रही हैं। कभी आतंकवादी हमलों व विमान अपहरण के लिए सुर्खियों में आने वाले भारत की पहचान आतंकवादियों को घर में घुस कर मारने वाली बन गई हैं। मोदी जी के नेतृत्व में यह नया भारत हैं जो आतंकवादियों को दुनिया के चाहे जिस कोने में हो उन्हे मार गिराया जा रहा हैं। पहले कभी मुंबई में, दिल्ली में, बैंगलोर में, हैदराबाद में, कभी बसों में, कभी ट्रेनों में आये दिन आतंकवादियों के हमले हुआ करते थे जिसमे बेकसूर लोग मारे जाते थे किन्तु अब मोदी जी के नेतृत्व में देश की यह तस्वीर बदल गई है। अब आतंकवादी आम लोगों को नहीं मार पा रहें है, बल्कि खुद भारत की सेना व हमारे जवान आतंकवादियों को मार गिरा रहें हैं। अब भारतवासी चैन की नींद सो पा रहें हैं। चाहे दक्षिण भारत हो, चाहे उत्तर भारत हों आतंकवादी किसी हमले की योजना को अमलीजामा पहना पाए इसके पहले ही उन्हे धर दबोच दिया जा रहा हैं, पाकिस्तान में छुपकर भारत में आतंकवाद की साजिश रचने वाले भी अब नये भारत में सुरक्षित नहीं हैं। पाकिस्तान में छिपे भारत के आतंकवादियों को पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी आईएसआई सुरक्षित ठिकानों च्सेफ हाउसज्ज् में छुपाकर रख रही हैं, भारतीय सेना का यह भय आतंकवादियों के लिए मुसीबत और भारत वासियों के लिए गर्व से सिर उठाने का समय हैं।

श्री पांडे ने आगे कहा की देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बन रहे आतंकवादियों के सफाये के साथ-साथ नक्सलवादियों के सफाये की भी जोरदार मुहिम चल रही हैं। छत्तीसगढ़ में जब से विष्णु देव साय की भाजपा सरकार बनी हैं तब से ढेर सारे मुठभेड़ों में कई दर्जन नक्सलियों को सांय-सांय मार गिराया जा रहा हैं। अब छत्तीसगढ़ में आलम यह हैं की नक्सलवादी भाग रहें हैं और सुरक्षाबल उन्हे घेरकर मार रहें हैं। यह क्षेत्र व राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता हैं जिससे सुरक्षाबलों बुलंद व आतंकियों और नक्सलियों के हौसले पस्त हैं। श्री पांडे ने जोर देकर कहा की देश में लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के लोग कभी मोदी जी को लाठी मारने, उनका सिर फोड़ने और आज तो गजब हो गया जब बस्तर के एक बड़े कांग्रेस नेता ने मोदी मरेगा की सुपारी अपनी हाथों मे ले ली। इस तरह के बयान कांग्रेस के ऐसे बड़े नेताओं द्वारा दिये जा रहें हैं जो बरसों बरस तक सांसद, विधायक, या मंत्री रहें हैं, इन्हे संसदीय मर्यादा व लोकतंत्र का पूरा ज्ञान हैं बावजूद ऐसे कांग्रेस के लोगों का मोदी जी की जान का दुश्मन बन जाना कोई स्वाभाविक विषय नहीं लगता। ऐसा लग रहा हैं मानो आतंकियों, नक्सलियों तथा देश विरोधी तत्वों के आँखों की किरकिरी बने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कोई गहरी साजिश रची जा रही हैं, जिसमें कांग्रेस के लोगों का समर्थन साफ दिखाई पड़ रहा हैं। श्री पांडे ने कहा की मोदी जी को सत्ता से हटाने के लोकतान्त्रिक तरीके से बुरी तरह से परास्त हुई कांग्रेस और उसके नेता बौखलाहट में किसी भी हद तक जा रहें हैं, उन्होंने आम लोगों से सावधान व सजग रहकर कमल फूल छाप का बटन दबाने का आह्वान किया ताकि देश विरोधी तत्वों को मुहतोड़ जवाब दिया जा सके।

## भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे आज डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र में



**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे प्रतिदिन विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का दौरा मतदाताओं से रुबारू हो रहें हैं। कल 12 अप्रैल शुक्रवार को श्री पांडे डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र के लालबहादुर नगर मण्डल के दो दर्जन ग्रामों में जनसम्पर्क करते हुए कमल फूल निशान के लिए समर्थन मांगेगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे अपने जनसम्पर्क अभियान का शुभारंभ सुबह 09:30 बजे ग्राम मुँदगाँव से करेंगे। इसके पश्चात वे रेंगाकठेरा, डुंडेरा, खल्लारी, बड़े मुड़पार, जामरी, छोटे मुड़पार, मुरमुन्दा, राका, चिददो, कल्याणपुर, गाजमर्रा, भोथली, बिच्छीटोला, सेंदरी, ठाकुरटोला, मड़ियान, झिंझारी, खुबाटोला, मक्काटोला, गोविन्दपुर व झंडातालाब पहुचकर मतदाताओं को केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत कराएंगे। इस दौरान डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में ग्रामों में आज जनसंपर्क करेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं लोकसभा मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल दोपहर 1 बजे अंजोरा से जनसंपर्क प्रारंभ करते हुए कोपेडीह, देवादा, टेडेसरा, फुलझर, नवागांव, इंदावानी, सोमनी, ईरा, धीरी, सांकरा, खुटेरी, ठाकुरटोला, तोरणकट्टा, सुंदरा, पारीकला, सिंघोला में जनसंपर्क करेंगे।

## नारियों के मातृत्व में चोंट और अपराध को संरक्षण देती है भाजपा : कुसुम दुबे



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छग प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव, खैरागढ़ विधानसभा प्रभारी श्रीमती कुसुम दुबे ने 10 वर्षीय केंद्र में मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को नारी शक्तियों के साथ अन्याय से ओत-प्रोत कार्यकाल निरूपित करते हुए कही कि गुजरात की भाजपा सरकार द्वारा बिलकिस बानो मामले में 21 अपराधियों को छोड़ने, हाथरस में बेटी के साथ हुए अन्याय अत्याचार, देश को शर्मसार करने वाली मणिपुर में नारियों पर हुए दुर्दांत अत्याचार, पहलवान बेटियों के साथ हुए यौन शोषण के दोषी को संरक्षण, हरियाणा में 500 बेटियों के साथ हुए यौन शोषण की घटना, उन्नाव, कठुआ में मानवता को झकझोरने वाली घटना मोदी सरकार की असफलता एवं नारी शक्ति पर अन्याय का जीता जागता उदाहरण है। आयुष्मान योजना से सिजेरियन डिलिवरी की सुविधा हटा कर मातृत्व पर चोट किया है। साथ ही साथ छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार के मात्र चार महीने में ही जिस प्रकार से महिलाओं व बच्चियों पर अमानवीय अत्याचार बढ़े हैं, यह डबल इंजन सरकार की नाकामी ही है। एनसीआरबी ने तो भाजपा नेतृत्व से देश में हर एक घंटे में 51 महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय पर एफआईआर के आंकड़े तक सार्वजनिक किए हैं, वहीं अनेकों स्थानों पर तो एफआईआर लिखे ही नहीं या दबाव के चलते महिलाओं की आवाज को दबा दी जा रही है। महिला आरक्षण कब लागू होगा, यह भी बताने में सरकार असक्षम है, जो मोदी सरकार की महिलाओं के सुरक्षा व योजना की पोल खोल दी है।

# कांग्रेस की 5 न्याय 25 गारंटी देश को बर्बादी के गर्त से निकालने में सहायक - शाहिद भाई

## 70 साल में 55 लाख तो मोदी के 10 साल में 215 लाख करोड के कर्ज में डूबी जनता



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजनांदगांव लोकसभा प्रभारी शाहिद भाई ने राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में माहौल का दावा करते हुए भाजपा द्वारा लगातार जुमले और झूठ को जनता के बीच चुनावी समर में परोस रहे हैं उसे पर तीव्र प्रहार करते हुए कहा कि 10 वर्षों में भाजपा ने देश को महंगाई बेरोजगारी के साथ-साथ धार्मिक वैमनस्यता के साथ 215 लाख करोड़ के कर्ज लाकर खड़ा कर दिया है इससे देश को बचाने के लिए कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन प्रयासरत हैं और कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में पांच और 25 गारंटी की जो बात की है उससे देश का हर वर्ग खुशहाल होगा जैसे किसान न्याय योजना से किसानों को उनके फसल का वाजिब हक एवं एमएसपी की गारंटी, कर्ज माफ और कृषि यंत्रों पर लगी जीएसटी को हटाने बात की है वही नारी न्याय के लिए महालक्ष्मी योजना के अंतर्गत प्रत्येक गरीब परिवार के एक महिला को 1लाख सालाना देने की बात कांग्रेस ने की है महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 50त्न आरक्षण की बात के साथ-साथ कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा के लिए हॉस्टल सुविधा देने की बात की है इसी प्रकार युवा न्याय से युवाओं के लिए वर्तमान समय में 30 लाख से अधिक सरकारी विभागों में पद रिक्त होने के बाद भी भाजपा ने भर्ती नहीं की है अत: कांग्रेस सरकार 30 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी तत्काल देने एवं 4 साल में अग्नि वीर बनाकर उन्हें रिटायर करने के भाजपा की योजना को निरस्त कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया अपनाने की बात के साथ-साथ युवाओं को सक्षम बनाने के लिए अप्रेंटिसशिप एक्ट के तहत 25 वर्ष से कम आयु वाले स्नातक एवं डिप्लोमा धारी युवकों को 1लाख देने के साथ-साथ पेपर लीक जैसे मामले में कठोर कानून बनाने की बात कांग्रेस ने की है श्रमिक न्याय योजना में मनरेगा श्रमिकों को 400 रु प्रतिदिन मजदूरी देने के साथ-साथ जिगि वर्कर्स को कानूनी सुरक्षा प्रदान करने की बात की है हिस्सेदारी न्याय योजना में जल जंगल जमीन का कानूनी हक एवं वन अधिकार अधिनियम के तहत आदिवासियों के हितों के साथ-साथ सामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना की बात भी कांग्रेस ने की है जिससे भाजपा अंधेरे की कोप भवन में चली गई है।

# यामिनी कला केन्द्र के कला साधक श्रेष्ठ



**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** महाराष्ट्र शासन द्वारा संचालित एलीमेन्ट्री एवं इंटरमीडियेट ड्राइंग ग्रेड परीक्षा मे नगर की बहुआयामी संस्था यामिनी क्रीड़ा एवं कला केन्द्र के छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल की है । यामिनी कला केन्द्र के अध्यक्ष रीतेश देवांगन ने बताया कि संस्था में एलीमेण्ट्री एवं इंटरमीडिमेट ड्राइंग ग्रेड का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। एलीमेण्ट्री परीक्षा में श्वेता निर्मलकर आरोही कुंजाम, गगन वैष्णव, सुमीत देवांगन, सांकेत देवांगन ए ग्रेड से उत्तीर्ण रहे है । जबकि प्रेरणा पाल, चंचल गढ़ेवाल, चांदनी मानिकपुरी, शीतल सोलंकी सभी ने बी ग्रेड एवं सांझी श्रीवास भी उत्तीर्ण होने में सफल रहें । इसी प्रकार इंटरमीडियेट परीक्षा में काव्य देवांगन, नंदिनी जाधव, नंदिता हरिवंश, मेहुल सोनवानी, पावनी जाधव, मेघज देवांगन, सभी ए ग्रेड से उत्तीर्ण रहें । जबकि हनी यदु, प्रज्ञा हरिवंश, विकास साहू, रविन्द्र बारले, तेजस देवांगन, हरीश बारले, काजल देवांगन, गौरव सिंग, सभी ने बी ग्रेड एवं कलावती देवांगन, आकांक्षा प्रधान, ताकेश्वरी यादव, श्रेया सिरके सभी उत्तीर्ण होने में सफल रहे । इस सफलता पर, सुनील भागवत, रीतेश देवांगन, सचिव पूनाराम यादव, राकेश यादव, गजानन पाटिल, जयेश मुदलियार, आशीष यादव, अजय चौरसिया, सेविता देवांगन, पारूल डुंभरे, प्राची जामुरकर, आशीष श्रीवास्तव, आकांक्षा बघेल, दीपिका ध्रुवे, चित्रा महिलांगे, प्रज्ञा पाल, उदेराम देवांगन, विमल शर्मा, महेश देवांगन, भीष्म देवांगन, उमाशंकर साहू, आदर्श गुप्ता, तरूण भास्कर गुप्ता, पोषण यादव, निश्चय बुराड़े, राहुल जैन, जय यदु, गोपी देवांगन, सुनील चन्द्राकर, मनीष यादव, ओम कश्यप, राहुल मिश्रा, गुणवन्त सिंह, आदि ने शुभकामनाऐं दी ।

## केशर नगर में शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कर कलश यात्रा निकाली गई

### महाप्रसादी वितरण किया गया



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड केशर नगर में 10 एवं 11 अप्रैल को दो दिवसीय शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया था कार्यक्रम में नवनिर्मित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की मूर्ति स्थापित की गई इस अवसर पर मोहल्ले की महिलाएं नगर में कलश यात्रा निकाली गई थी जो नगर के विभिन्न वार्डों में भ्रमण किया गया साथ ही भक्त जनों के लिए महाप्रसादी का वितरण भी किया गया।

# सड़क में पानी लोगों की बनी मुसीबत, पानी निकासी के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं

## सड़क चौड़ीकरण योजना में राहगीर परेशान ,डिवाइडर बनी मुसीबत आए दिन एक्सीडेंट



**घनश्याम साव**

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव नगर स्थित मुख्य मार्ग में 3 किलो मीटर तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो गया है जिसमें आए दिन डिवाइडर से कोई ना कोई हादसा होते रहता है नवरात्रि पर्व में पहले दिन से ही झमाझम बारिश हो रही है दूसरे दिन भी रात्रि 10 बजे से सुबह 12 बजे बारिश हुई है इस बारिश के पानी ने सड़क चौड़ीकरण योजना से बन रहे सड़क के दोनों ओर करियाटोला मार्ग मेनरोड जय सेवा पेट्रोल पंप से लेकर आर के ठाकुर शिक्षक के घर तक दोनो ओर सड़क में लबालब घुटने तक पानी भरा हुआ है जिससे आने जाने वाले राहगीरों के लिए मुसीबत और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सड़क चौड़ीकरण योजना को लेकर सड़क ठेकेदार द्वारा सड़क के दोनों ओर पानी निकासी के लिए नाली तथा कोई भी व्यवस्था नहीं कर पाई है जिससे दोनों और पानी का भराव हो गया है 11 अप्रैल को दोपहर को जे सी बी के माध्यम से ठेकेदार द्वारा सड़क किनारे बेस को तोड़वा कर पानी को बाहर निकाला गया लेकिन पूरी तरह से पानी निकल नही पा रहा है जिससे रोड किनारे बसे नागरिकों को आने जाने में असुविधा और परेशानी हो रही है मोहल्ले वालों का कहना है कि सड़क ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन और जमकर मनमानी करने का आरोप लगाया है सड़क ठेकेदार द्वारा चौड़ीकरण का कार्य को धीमी गति से कर रहा है जिससे इस मार्ग में चलने वाले नागरिकों को हताहत होना पड़ रहा है

**10 अप्रैल से डामरीकरण शुरू होना था**

सड़क चौड़ीकरण का डामरीकरण 10 अप्रैल से शुरू होना तय हुआ था लेकिन सड़क ठेकेदार द्वारा आए दिन कोई ना कोई परेशानी सामना खड़े कर टाल मटोल किया जा रहा है जबकि गांधी पेट्रोल पंप से एक साइट डामरीकरण शुरू करने का पहले से ही आदेश हो गया है परंतु ठेकेदार द्वारा आए दिन कोई ना कोई बहाना लेकर कार्य को पेंटिंग में रख दिया है सड़क चौड़ीकरण को लेकर पी डब्लू डी के एस डी ओ हर्षद साहू का कहना है की नवरात्रि पर्व में 10 अप्रैल को डामरीकरण शुरू करना तय हुआ था लेकिन लगातार बारिश के चलते तथा गिट्टी और कुछ सामग्री पूरी तरह से उपलब्ध नहीं होने के कारण लेट हो रहा है एक साइड का डामरीकरण कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com